**GAIL's** Deepak Gupta assumed charge as CMD of India's leading energy major. A Mechanical Engineer from Delhi College of Engineering, he brings 35+ years of expertise across the oil & gas value chain, including projects, procurement, business development, operations, and green energy initiatives. As Director since 2022, he leads key pipelines, SCADA, net-zero goals, and O&M of 20,000+ km networks. Previously at Engineers India Ltd., he executed landmark projects like Dangote Refinery and HMEL Bathinda. A thought leader, he's authored papers on project acceleration.



**Indian Express, Delhi, 04/03/2026**

Page No: 18, Size: 18.23cm × 4.52cm

**GAIL's** Deepak Gupta assumed charge as CMD of India's leading energy major. A Mechanical Engineer from Delhi College of Engineering, he brings 35+ years of expertise across the oil & gas value chain, including projects, procurement, business development, operations, and green energy initiatives. As Director since 2022, he leads key pipelines, SCADA, net-zero goals, and O&M of 20,000+ km networks. Previously at Engineers India Ltd., he executed landmark projects like Dangote Refinery and HMEL Bathinda. A thought leader, he's authored papers on project acceleration.



**SOUND OF GUNS** | **Shutdown and regional conflict force rationing across industries**

# India curbs industrial gas as Qatar outage tightens supply

**Business Desk**
MUMBAI

India has begun cutting natural gas supplies to industrial users after a sudden outage in Qatar, sharpening fears of a wider energy squeeze as conflict spreads across the Gulf. State-run distributors informed customers late on Monday that allocations would be reduced by between 10 and 30%, according to industry sources, as importers brace for prolonged disruption.

Qatar halted liquefied natural gas (LNG) output this week following retaliatory strikes by Iran on Gulf infrastructure, after Israeli and United States attacks. The escalation has also choked tanker movements through the Strait of Hormuz, sending spot LNG prices, freight rates and insurance premia sharply higher.

India, the world's fourth-largest LNG buyer, depends on the Middle East for more than half its imports. Petronet LNG Ltd, the country's biggest importer, has warned marketers of lower cargo availability. GAIL and Indian Oil Corp have in turn notified industrial clients of cuts set at minimum contractual lifting levels to avoid penalty clauses.

Exclusive government data seen by this newspaper show that India's total gas consumption averages about 185 million standard cubic metres a day (mmscmd). Industry accounts for roughly 110 mmscmd — nearly 60 per cent of demand — spanning refineries, petrochemicals, ceramics, glass, textiles and captive power plants. Fertiliser and city gas networks are being prioritised, officials said, leaving manufacturing to absorb the shock.




The immediate consequence is a rise in production costs. Gas-intensive sectors such as fertilisers, aluminium and ceramics are already switching to costlier liquid fuels where possible, a move likely to lift input prices and erode margins. Analysts warn of knock-on effects for inflation if higher energy costs filter through to steel, cement and consumer goods.

To plug the shortfall, importers including IOC, GAIL and Petronet plan to float spot tenders. Yet traders say replacement cargoes will be scarce and expensive, with Asian spot LNG hovering near multi-month highs as shipping bottlenecks worsen. India is the top LNG customer for Abu Dhabi National Oil Company and the second-largest buyer of Qatari gas, leaving it exposed to any prolonged Gulf disruption.

Officials described the curbs as "temporary", but conceded that further reductions cannot be ruled out if the conflict endures. For factories already grappling with weak global demand, the sudden rationing of fuel risks turning a geopolitical shock into an industrial slowdown.

Millennium Post, Delhi, 04/03/2026
Page No: 11, Size: 15.32cm × 17.54cm

# Qatar's force majeure disrupts gas supplies to Indian industry

**NEW DELHI:** Qatar, India's largest supplier of imported natural gas, has declared force majeure on deliveries following a halt in production in the wake of an Iranian drone strike -- a disruption that has led to a cut in supplies to Indian industry by up to 40 per cent, sources said.

Qatar supplies about 40 per cent of the nearly 27 million tonnes of liquefied natural gas (LNG) that India imports annually to meet demand across sectors ranging from power generation and fertiliser production to CNG distribution and piped cooking gas networks.

Gas importer Petronet LNG Ltd has informed gas marketers of Qatar halting its liquefied natural gas production after Iran continued to strike Gulf countries in retaliation for Israeli and US strikes against it, they said.

The attacks have also effectively brought oil and LNG shipments through the Strait of Hormuz to a near halt, driving up global energy prices as well as sharply raising war-risk insurance and shipping costs.

Iran controls the Strait -- a vital maritime chokepoint through which roughly 50 per cent of India's crude oil imports and around 54 per cent of its LNG supplies transit. It is the transit for not just LNG from Qatar but also from the UAE.

Sources said Petronet has informed its gas offtakers, GAIL (India) Ltd and Indian Oil Corporation (IOC), about a halt in supplies from Qatar. The gas marketers have, in turn, cut supplies to industries while maintaining flow rates for CNG retailing.

The cuts range from 10 per cent to 40 per cent, they said.

Petronet has long term contract to buy 8.5 million tonnes per annum of LNG from Qatar.

Additionally, it buys Qatari LNG from the spot market as well. Besides Petronet, companies such as IOC have LNG import contracts with the UAE. Sources said GAIL and IOC are looking at tapping the spot or current market to meet the shortfall, but prices have firmed up. LNG in the spot market is now at USD 25 per million British thermal unit, roughly double the term contract rates. AGENCIES

### CLOSER LOOK

- Qatar, India's largest supplier of imported natural gas, has declared force majeure on deliveries following a halt in production in the wake of an Iranian drone strike
- Gas importer Petronet LNG Ltd has informed gas marketers of Qatar halting its liquefied natural gas production
- Qatar supplies about 40 per cent of the nearly 27 million tonnes of LNG that India imports annually to meet demand across sectors

Activate Wind

AMID CLOSURE OF QATAR'S LNG FACILITY

# India says Oil Stocks Enough to Absorb Short-term Shocks

Sanjeev Choudhary

**New Delhi:** India has sufficient oil stocks to manage any short-term disruption from the Gulf conflict, the oil ministry said on Tuesday.

The assurance came a day after an Iranian drone attack forced the shutdown of an LNG facility in Qatar, India's top supplier, forcing state-run gas marketers to sharply cut supply to several industries.

The blockage of the Strait of Hormuz for the third consecutive day, along with attacks on energy installations, sent global crude oil and gas prices soaring. Crude traded above $84 a barrel on Tuesday, up 15% since Friday's close, while the European gas benchmark Dutch TTF futures neared €62 per megawatt-hour, a jump of 90% since Friday.

'Can Take Phased Measures' ▸▸ 10

## 'Can Take Phased Measures'

▸▸ From Page 1

"The government is cautiously optimistic that phased measures can be taken, if required, to further mitigate the situation," the ministry said in a statement, without elaborating.

Meanwhile, Petronet LNG, India's largest natural gas importer and a key Qatari client, declared force majeure on Monday. It cut supplies by 33% on Monday and 67% on Tuesday to its customers GAIL, BPCL and IndianOil.

In a cascading effect, GAIL, Indian Oil, and BPCL began curtailing supplies to several industrial customers, with cuts reaching as much as 60% in some cases.

"Petronet is probably trying to conserve volumes given the situation in the Gulf," said a person familiar with the matter.

Power producers, city gas distributors, and some other industrial customers have been affected, the person added, though fertiliser producers and very small industrial users have so far been spared.

However, if supplies tighten further on Wednesday, all consumers spanning small ceramics units to large steel and cement plants could be hit.

Notably, industrial demand is expected to remain subdued over the next two to three days as factory workers would be away for Holi festival celebrations. Once they return, gas demand would rebound while supplies would fall short if the current scenario continues, said a city gas company executive.

Securing alternative suppliers could also prove difficult as global LPG markets are currently tight, leaving factories with little choice but to scale back operations, the executive said.

Refineries, though significant gas consumers, can switch to alternative fuels such as fuel oil.

India produces half of the natural gas it consumes and follows a priority allocation ladder.

Households get their entire supply from domestic gas and will continue to do so, the executive said.

Even before the closure of the Qatari LNG facility, Petronet had been struggling to lift cargoes, with two of its tankers unable to cross the Hormuz — one lingering off the Qatari coast and another waiting on the Indian side of the chokepoint.

Dainik Jagran, Delhi, 04/03/2026
Page No: 14, Size: 20.29cm × 29.69cm

# कतर में उत्पादन बंद होने से उद्योगों को गैस आपूर्ति घटाई

- दुनिया का चौथा सबसे बड़ा एलएनजी खरीदार है भारत
- आयात के लिए पश्चिम एशिया पर बहुत ज्यादा निर्भरता

**नई दिल्ली, रायटर:** कतर में उत्पादन कम होने के बाद भारतीय कंपनियों ने उद्योगों को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति घटा दी है। इजरायल और अमेरिकी हमले के बाद ईरान के खाड़ी देशों पर प्रतिशोधात्मक कार्रवाई के बाद कतर ने सोमवार को लिक्विफाइड प्राकृतिक गैस (एलएनजी) का उत्पादन रोक दिया था। ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट के जरिये तेल और गैस की आवाजाही को भी रोक दिया है, जिससे दुनियाभर में ऊर्जा उत्पादों की कीमत और परिवहन लागत भी बढ़ गई है।

भारत दुनिया का चौथा सबसे बड़ा एलएनजी खरीदार है और आयात के लिए पश्चिम एशिया पर बहुत ज्यादा निर्भर है। दो सूत्रों ने बताया कि शीर्ष एलएनजी आयातक पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड ने शीर्ष गैस वितरण कंपनी गेल (इंडिया) और दूसरी कंपनियों को आपूर्ति घटाने के बारे में बता दिया है। पेट्रोनेट अबू धाबी नेशनल आयल कंपनी का सबसे बड़ा और कतर का दूसरा सबसे बड़ा एलएनजी खरीदारी है। एक सूत्र ने बताया कि गेल और इंडियन आयल ने सोमवार देर रात ग्राहकों को गैस आपूर्ति में कटौती के बारे में जानकारी दे दी है। यह कटौती 10-30 प्रतिशत तक है। हालांकि, इस संबंध में गेल, पेट्रोनेट और इंडियन आयल की प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई है। एलएनजी की कमी को पूरा करने के लिए इंडियन आयल, गेल और पेट्रोनेट स्पाट टेंडर जारी करने की योजना बना रही हैं। हालांकि, पश्चिम एशिया के मौजूदा तनाव के कारण स्पाट कीमतें, माल ढुलाई और इंश्योरेंस की लागत बढ़ गई है।

**Amar Ujala, Delhi, 04/03/2026**

**Page No: 10, Size: 23.65cm × 9.90cm**

# कतर में उत्पादन ठप होने पर उद्योगों को गैस आपूर्ति में कटौती

## शीर्ष गैस आयातक पेट्रोनेट एलएनजी लि. ने गेल इंडिया, इंडियन ऑयल और अन्य कंपनियों को दी सूचना

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जंग के कारण आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका को देखते हुए भारतीय कंपनियों ने उद्योगों को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति घटा दी है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है, जब एक दिन पहले यानी सोमवार को कतर की सरकारी ऊर्जा कंपनी कतर एनर्जी ने तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) का उत्पादन रोकने की घोषणा की थी। दो सूत्रों ने मंगलवार को बताया, शीर्ष एलएनजी आयातक पेट्रोनेट एलएनजी लि. ने गैस विपणन कंपनी गेल (इंडिया) और अन्य कंपनियों को आपूर्ति घटाने के बारे में सूचित किया है। कतर ने एलएनजी का उत्पादन बंद करने की घोषणा करते हुए कहा था कि युद्ध के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल और गैस की ढुलाई रुक गई है, जिससे वैश्विक ऊर्जा कीमतें एवं शिपिंग लागत बढ़ गई हैं। एजेंसी



**■ स्पॉट टेंडर जारी करने की योजना बना रहीं कंपनियां :** सूत्रों ने बताया कि एलएनजी की कमी को पूरा करने के लिए आईओसी, गेल और पेट्रोनेट एलएनजी सहित कंपनियां स्पॉट टेंडर जारी करने की योजना बना रही हैं। हालांकि, स्पॉट कीमतों, माल ढुलाई और बीमा लागत में भी युद्ध के हालात की वजह से खासी वृद्धि हो चुकी है।

### आपूर्ति में 30 फीसदी तक की कटौती

सूत्रों में से एक ने बताया कि गेल और इंडियन ऑयल कॉर्प ने सोमवार देर रात खरीदारों को गैस आपूर्ति में कटौती की सूचना दी। सूत्रों के मुताबिक, यह कटौती 10 फीसदी से 30 फीसदी तक है। **कटौती न्यूनतम उत्पादन मात्रा पर निर्धारित की गई है, ताकि संविदा शर्तों के आधार पर आपूर्तिकर्ताओं को ग्राहकों की तरफ से लगाए जाने वाले किसी भी जुर्माने से बचाया जा सके।**

**पश्चिम एशिया पर ज्यादा निर्भरता :** भारत तरलीकृत प्राकृतिक गैस यानी एलएनजी का दुनिया का चौथा सबसे बड़ा खरीदार है, जो आयात के लिए काफी हद तक पश्चिम एशिया पर निर्भर है। यह दक्षिण एशियाई देश अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी का शीर्ष एलएनजी ग्राहक है और कतरी एलएनजी का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार है।

**Business Standard Hindi, Delhi, 04/03/2026**
Page No: 8, Size: 78.29cm × 80.59cm

# देश में कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार: पुरी

## केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा, देश में नहीं होगी ईंधन की कमी

शुभांगी माथुर

पश्चिम एशिया में गहराते संकट के बीच केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को कहा कि युद्ध के कारण पैदा होने वाले व्यवधान से घबराने की जरूरत नहीं है। भारत के पास कच्चे तेल और पेट्रोल, डीजल और विमानन टर्बाइन ईंधन (एटीएफ) सहित प्रमुख पेट्रोलियम उत्पादों का पर्याप्त भंडार मौजूद है।

पुरी ने कहा कि भारतीय ऊर्जा कंपनियां होर्मुज स्ट्रेट के बजाय अन्य रास्तों से ऊर्जा आयात को बढ़ावा देने के लिए खरीद में विविधता लाएंगी। होर्मुज से दुनिया के कुल शिपमेंट का पांचवां हिस्सा गुजरता है और संकट की स्थिति में यह मार्ग विभिन्न देशों के लिए बड़ी कमजोरी साबित होता है। अमेरिका और इजरायली सैन्य हमलों के बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई के बाद इस होर्मुज स्ट्रेट को बंद करने का ऐलान कर दिया है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'इस समय ईंधन स्टॉक को लेकर घबराने की जरूरत नहीं है। भारतीय उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। निरंतर निगरानी के आधार पर सरकार सतर्क और आशावादी है। यदि स्थिति और बिगड़ती है तो चरणबद्ध तरीके से उपाय किए जा सकते हैं।'

एक शीर्ष सरकारी अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि भारत के पास वर्तमान में 25 दिनों का कच्चे तेल का स्टॉक और पेट्रोल एवं डीजल सहित 25 दिनों का पेट्रोलियम उत्पादों का भंडार मौजूद है। उन्होंने कहा कि देश के पास लगभग 25 से 30 दिनों का तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) का स्टॉक भी है।

पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के साथ ही खाड़ी क्षेत्र में ऊर्जा ढांचे पर हमला हुआ है, जिसमें होर्मुज स्ट्रेट को बंद करना भी शामिल है। अधिकारी ने कहा, 'यदि होर्मुज स्ट्रेट लंबे समय तक बंद रहता है, तो पश्चिम एशिया से शिपमेंट भारत लाने के लिए केप ऑफ गुड होप मार्ग का विकल्प चुनेंगे।' उन्होंने कहा कि भारत में प्रतिदिन 56 लाख बैरल कच्चे तेल की खपत होती है, जिसमें से लगभग 40 प्रतिशत होर्मुज स्ट्रेट से होकर आता है। पश्चिम एशिया में युद्ध से उपजे संकट ने भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा चुनौतियां बढ़ा दी हैं, क्योंकि देश कच्चे तेल, एलपीजी और तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की आपूर्ति के लिए खाड़ी क्षेत्र पर बहुत अधिक निर्भर है। इक्विटी रिसर्च फर्म येस सिक्योरिटीज के अनुसार, भारत की एलपीजी आपूर्ति का लगभग 83 प्रतिशत, एलएनजी का 56 प्रतिशत और कच्चे तेल का 51 प्रतिशत आयात होर्मुज से जुड़े मार्गों से होकर आता है। ड्रोन हमलों के बाद सऊदी अरामको ने हाल ही में फारस की खाड़ी तट पर रस तनूरा में अपनी सबसे बड़ी रिफाइनरी में संचालन रोक दिया है, जबकि कतरएनर्जी ने भी अपनी सुविधाओं पर हमलों के कारण अस्थायी रूप से एलएनजी उत्पादन बंद कर दिया है। कतर भारत को दूसरा सबसे बड़ा एलएनजी आपूर्तिकर्ता है। अधिकारी ने कहा, 'अगर कतरएनर्जी लंबे समय तक बंद रही, तो हमें विकल्पों की तलाश करनी होगी।'

उन्होंने कहा कि फिलहाल सरकार पेट्रोलियम निर्यात में कटौती करने या देश में एलपीजी के उपयोग को युक्तिसंगत बनाने पर विचार नहीं कर रही है। बिजनेस स्टैंडर्ड ने पहले खबर दी थी कि पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के साथ भारत होर्मुज स्ट्रेट से अलग पश्चिम अफ्रीका और अमेरिका जैसे भौगोलिक क्षेत्रों से कच्चा तेल लाने और अपने ऊर्जा भंडार का उपयोग करने पर विचार कर रहा है।

### सामरिक पेट्रोलियम भंडार

भारत ने तीन स्थानों पर 53.3 लाख टन की क्षमता वाले कच्चे तेल के सामरिक पेट्रोलियम भंडार स्थापित किए हैं। इसमें आंध्र प्रदेश में विशाखापत्तनम में 13.3 लाख टन क्षमता, कर्नाटक में मंगलूरु में 15 लाख टन क्षमता और कर्नाटक के पादुर में 25 लाख टन शामिल है। अगस्त 2025 में लोक सभा में पेट्रोलियम मंत्रालय द्वारा दिए गए लिखित जवाब में यह जानकारी दी गई है।

ये भंडार लगभग 9.5 दिनों की कच्चे तेल की आवश्यकता को पूरा करने के लिए बफर के रूप में कार्य करने के लिए हैं।

तेल मार्केटिंग कंपनियों द्वारा संचालित भंडारण सुविधाओं की 64.5 दिनों की क्षमता को ध्यान में रखते हुए कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों के भंडारण के लिए राष्ट्रीय क्षमता पर्याप्त है जो 74 दिनों तक आपूर्ति बनाए रखने में सक्षम है।



हरदीप सिंह पुरी, केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री

## होर्मुज स्ट्रेट बंद होने से बढ़ेंगी मुश्किलें

जयंत पंकज

**ईरान** ने अमेरिका-इजरायल के हवाई हमले के बाद होर्मुज स्ट्रेट को बंद करने की घोषणा की है, जिससे वैश्विक कच्चे तेल की कीमतें बढ़ सकती हैं। वर्ष 2020 और 2025 की पहली तिमाही के बीच लगभग 8.87 करोड़ बैरल प्रति दिन कच्चा तेल इस स्ट्रेट से होकर गुजरा। इस कुल आयात में चीन की हिस्सेदारी 31 फीसदी, भारत की 15 फीसदी और दक्षिण कोरिया की 11 फीसदी रही। वर्ष 2023 में भारत के कुल कच्चे तेल आयात का 43 फीसदी इसी मार्ग से होकर आया। इसके बाद डेनिश स्ट्रेट (23 फीसदी) और तुर्की स्ट्रेट (11 फीसदी) का स्थान रहा। यदि यह संकरा रास्ता बंद होता है तो भारत में भी तेल कीमतें बढ़ने का खतरा है।

कच्चे तेल के आयात के लिए होर्मुज स्ट्रेट पर भारत की निर्भरता पहले के मुकाबले कम हुई है। वर्ष 2020 में यहां 55 फीसदी तेल आयात इसी मार्ग से होता था जबकि साल 2025 की पहली तिमाही तक यह घटकर 41 फीसदी पर आ गया। अन्य देशों की बात करें तो होर्मुज स्ट्रेट के माध्यम से चीन का तेल आयात बढ़ा है जो 2020 में 28 फीसदी से बढ़कर 2025 की पहली तिमाही में 33 फीसदी हो गया, जबकि इसी अवधि में भारत की हिस्सेदारी 15 फीसदी से घटकर 13 फीसदी रह गई। बीते साल जब जून में ईरान ने इस स्ट्रेट को बंद किया था तो दुनिया भर में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ गई थी और भारत भी इससे अछूता नहीं रह पाया था। होर्मुज स्ट्रेट के रास्ते सबसे ज्यादा कच्चे तेल का आयात जापान, चीन और भारत करते हैं। सूची दर्शाती है कि अपने कच्चे तेल आयात के लिए एशियाई देश काफी हद तक होर्मुज पर निर्भर हैं।

## भारत ने उद्योगों के लिए गैस की आपूर्ति घटाई

**ईरानी** हमलों के बाद कतर की शीर्ष कंपनी ने गैस उत्पादन रोक दिया है, इससे पश्चिम एशिया में आपूर्ति बाधित होने का खतरा मंडरा रहा है। बदलते हालात में गैस की कमी की आशंकाओं के मद्देनजर भारतीय कंपनियां सतर्क हो गई हैं और उन्होंने मंगलवार को उद्योगों को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति कम कर दी। इस मामले की जानकारी रखने वाले चार उद्योग सूत्रों ने यह जानकारी दी।

अमेरिका-इजरायल की सैन्य कार्रवाई के बाद ईरान खाड़ी देशों को लगातार निशाना बना रहा है। उसने होर्मुज स्ट्रेट को भी बंद कर दिया है, जिस कारण इस रास्ते तेल और गैस का शिपमेंट रुक गया है। इस वजह से वैश्विक ऊर्जा की कीमतें और शिपिंग लागत बढ़ गई है। यह देखते हुए कतर ने सोमवार को अपना तरलीकृत प्राकृतिक गैस उत्पादन बंद कर दिया।

दुनिया में भारत चौथा सबसे बड़ा एलएनजी खरीदार है और अपनी जरूरत के आयात के लिए वह पश्चिम एशिया पर बहुत अधिक निर्भर है। दो सूत्रों ने बताया कि शीर्ष एलएनजी आयातक पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड ने शीर्ष गैस विपणन कंपनी गेल (इंडिया) और अन्य कंपनियों को कम आपूर्ति के बारे में बता दिया है।

भारत अबू धाबी नैशनल ऑयल कंपनी का शीर्ष एलएनजी ग्राहक और कतरी एलएनजी का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार है। एक सूत्र ने कहा कि गेल और इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने सोमवार देर रात गैस आपूर्ति में कटौती की जानकारी अपने ग्राहकों को दी यह कटौती 10% से 30% तक होगी।

सूत्रों ने कहा कि यह कटौती न्यूनतम उठाई जाने वाली मात्रा पर निर्धारित की गई है ताकि ग्राहकों को संविदा शर्तों के आधार पर जुर्माना न देना पड़े। गेल, पेट्रोनेट और आईओसी ने इस बारे में फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं की है। सूत्रों ने नाम न छापने की शर्त पर इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी, क्योंकि वे मीडिया से बात करने के लिए अधिकृत नहीं थे।